(नियम 26)

फर्द अहकाम
(नियम 26)

**अज अदालत : सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर**
**जिला हनुमानगढ**

**शिव राम कृष्ण** **बनाम** **स्टेट**

किस्म मुकदमा : **136 LRA** प्रकरण संख्या 198/**2026**

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज | नम्बर व तारीख |
|---|---|---|
| 05.06.2026 | प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश किया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थी को सुना गया।<br>प्रार्थी द्वारा निवेदन किया गया कि प्रार्थी रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 95/95, 87/90, 88/91 व 785/785 में दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। उक्त राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम शिवराम पुत्र मदनलाल दर्ज है। जो की सहवन से दर्ज हुआ है प्रार्थी का सही व वास्तविक नाम शिव राम कृष्ण पुत्र मदन लाल है जो की प्रार्थी के दस्तावेजों यथा आधार कार्ड में दर्ज है। राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी का नाम गलत दर्ज होने से प्रार्थी के खातेदारी हकों का हनन हो रहा है इसलिए प्रार्थी राजस्व रिकॉर्ड मे अपना नाम शिवराम पुत्र मदनलाल के स्थान पर शिव राम कृष्ण पुत्र मदन लाल दर्ज करवाना चाहता है। प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें।<br>तहसीलदार नोहर, भू0अभि0 निरीक्षक एवं पटवारी की जांच रिपोर्ट के अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम शिवराम पुत्र मदनलाल के स्थान पर शिव राम कृष्ण पुत्र मदन लाल किया जाना उचित है की अनुशंषा की है।<br>हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकॉर्ड में प्रार्थी का नाम शिवराम पुत्र मदनलाल दर्ज है एवं प्रार्थी के समस्त दस्तोवजों यथा आधार कार्ड में प्रार्थी का नाम शिव राम कृष्ण पुत्र मदन लाल दर्ज है एवं तहसीलदार द्वारा भी प्रार्थी का नाम सही करने हेतु अनुशंषा की गई है प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबूतों के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य है।<br>प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजो एवं तहसीलदार, भू0अभि0, पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा भूकरका के खाता संख्या 95/95, 87/90, 88/91 व 785/785 में दर्ज शिवराम पुत्र मदनलाल के स्थान पर शिव राम कृष्ण पुत्र मदन लाल का संशोधन किया जाता है। अगर नाम संशोधन को लेकर कोई तथ्य छुपाया गया हो और निकट भविष्ट में प्रकट होता है तो प्रार्थी स्वयं जिम्मेदार होगा। इसी अनुसार राजस्व रिकॉर्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार नोहर को लिखा जाकर पत्रावली दाखिल दफ्तर हों।<br><br>उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)<br>नोहर (हनुमानगढ़)<br>Rahul | |